बिहार सरकार

मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

मुजफ्फरपुर – 842003

(विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग, बिहार सरकार, पटना के अन्तर्गत)

निविदा सूचना सं0. 136 दिनांकः– 22.11.2018

निविदा का आमंत्रण

मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरपुर के लिए आउटसोंसिंग द्वारा मजदूरों (अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं अति कुशल) की आपूर्ति हेतु निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी एजेन्सी (न्यूनतम 5 वर्ष) से विज्ञापन प्रकाशन के दिनांक से पंद्रह दिनों तक अपराह्न 4 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। अगर अंतिम तिथि को अवकाश है तो उसके अगले कार्य दिवस को अंतिम तिथि मान्य होगा। मजदूरों द्वारा छात्रावास समेत विभिन्न विभागों में विभिन्न तरह के कार्य हेतु लिए जाऐंगे। इच्छुक निविदादाता अलग–अलग दो मुहरबंद लिफाफा में तकनीकी निविदा (Technical Bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) समर्पित करेंगें। तकनीकी निविदा में वांछित सूचनाएँ उपलब्ध होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

तकनीकी निविदा में निबंधन प्रमाण पत्र, पैन नं0, पिछले तीन वर्शो का इनकम टैक्स रिटर्न, गृह विभाग से निबंधन, ई0पी0एफ0 निबंधन, ESI कम्पनी एक्ट निबंधन, सेवाकर विभाग से निबंधन, सरकारी कार्यालयों / बोर्ड में कार्य करने का न्यूनतम पाँच वर्शो का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा तथा दस हजार रू0 का बैंक ड्राफ्ट, प्राचार्य, एम0आई0टी0, मुजफ्फरपुर के नाम रहेगा जो निविदा प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात लौटा दिया जायेगा, संलग्न करना होगा। न्यूनतम दर का आकलन पैकेज के आधार पर किया जाएगा।

सुरक्षा एजेन्सी के सफल निविदादाता को सुरक्षित जमा राशि के रूप में रू0 100000/– (एक लाख) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, एम0आई0टी0, मुजफ्फरपुर के नाम जमा करना होगा जिसपर किसी प्रकार का सूद देय नही होगा एवं कर्त्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण महाविद्यालय के Assets/Properties को क्षति होने पर सुरक्षित जमा राशि जब्त कर ली जायेगी तथा क्षतिपूर्ति हेतु आवश्यक कानूनी कारवाई की जायेगी।

निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, मुजफ्फरपुर को सुरक्षित होगा जिसके लिए कारण बताना आवश्यक नही होगा। निविदा संबंधी गलत जानकारी देने पर सुरक्षित राशि जब्त कर समुचित कारवाई की जायेगी।

निविदा प्राप्तकर्ता जिन कर्मियों को संस्थान में नियुक्त करेंगें उनके किये गये वेतन भुगतान का प्रमाण तथा E.P.F. एवं E.S.I में की गई कटौती प्रत्येक तीसरे माह पर संस्थान में उपलब्ध करायेंगे अन्यथा अगला भुगतान रोक दिया जायेगा। निविदा खोलने की तिथि संस्थान के वेबसाइट www.mitmuzaffarpur.org पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

प्राचार्य

PR No. 12170 (Sci. & Tech.) 2018-19 मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरपुर

अवैध शराब एवं मादक द्रव्य के संबंध में शिकायत टॉल फ्री नं. 18003456268 या 15545 पर करें